(II)

In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose the Appropriation (Railways) Bill, 2003, as passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 6th March, 2003.

The Speaker has certified that this Bill is a Money Bill within the meaning of article 110 of the Constitution of India.

(III)

In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose the Appropriation (Railways) Vote on Account Bill, 2003, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 6th March, 2003.

the Speaker has certified that this Bill is a Money Bill within the measing of article 110 of the Constitution of India.

Sir, I lay a copy each of the Bills on the Table.

---

## REPORT OF THE COMMITTEE ON EMPOWERMENT OF WOMEN

MISS MABEL REBELLO (Madhya Pradesh): Sir, lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the Tenth Report of the Committee on Empowerment of Women on the Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Second Report of the Committee (Thirteenth Lok Sabha) on the subject Functioning of National and State Commissions for Women.

## MATTER RAISED WITH THE PERMISSION OF THE CHAIR

### Need to pass the Women .Reservation Bill expeditiously

डा० (श्रीमती) नजमा हेपतुल्ला: सभापति महोदय, मैं आपकी अनुमति से कहना चाहूंगी।

श्री सभापति: एक मिनट ठहर जाइए, मैं पेपर ले करा लूं।

डा० (श्रीमती) नजमा हेपतुल्ला: सर, महिला से संबंधित रिपोर्ट रखी है, इसलिए बोलना चाहूंगी। यह एम्पावरमेंट की रिपोर्ट यहां रखी जाती है। एम्पावरमेंट कमेटी का पुनर्गठन हुआ यहां पर हाउस के अंदर, मैंने उसको चेयर किया था। कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है, मैं सब भाइयों को खासतौर पर मुबारकबाद देना चाहती हूं। ...(व्यवधान)... लालू जी जरा आप यहां देखिए या आप चेयर की तरफ देख लीजिए।

सर, अभी मैंने यह सुना है कि प्रधानमंत्री जी ने 12 बजे कोई मीटिंग बुलाई है, जिसमें सब लीडर जाएंगे अलग-अलग पोलिटिकल पार्टीज के और वह यह कोशिश कर रहे हैं कि महिला आरक्षण बिल, जिसका वायदा पिछली सदी से हो रहा है, उसके ऊपर आज शायद कोई निर्णय लिया जाए और कोई ऐसा निर्णय हो, जो सब की सहमति से हो, जिसके लिए सब तैयार हों। आपको याद होगा, सर, हाउस में जब आप यहां पहली दफा तशरीफ लाए थे, तब हमने आपका वेलकम किया था और उस वक्त भी मैंने यह बात कही थी और जब आखिरी दिन हमारा हाउस एडजोर्न हुआ था तब भी मैंने यह बात कही थी। अब मैं यह बात तब तक कहती रहूंगी जब तक कि महिलाओं के आरक्षण का बिल इस राज्यसभा से भी पास होकर प्रेसीडेंट साहब की अनुमति के लिए न चला जाए क्योंकि वायदे सब बहुत कर रहे हैं। उस दिन भी, जब प्रधानमंत्री जी रेप्लाई कर रहे थे, सर आप थे नहीं यहां, उस वक्त भी मैंने कहा था, एक शेर पढ़ा था गालिब का, एक महिला ने जब बात उठाई थी, कि

तेरे वादे पर जिए हम यह जान छूट जाना,
कि खुशी से मर न जाते अगर एतबार होता।

सर, हम लोगों को ऐसे एतबार की कमी है। नीतियां तो बहुत हैं, नीयत के ऊपर जरा शक होता है। तो मैं आपका संरक्षण चाहूंगी, आपकी सपोर्ट चाहूंगी कि आप महिलाओं के आरक्षण के बारे में अपना कोई इन्फल्युएंस यूज करें, वॉयलेंस तो मैं नहीं कहूंगी क्योंकि उसकी मुझे आपसे उम्मीद नहीं है, अपने चार्म ओर इन्फल्युएंस का इस्तेमाल करके अगर आप सरकार को कोई आदेश दें कि यह बिल पास हो जाए, सर्वसम्मति से पास हो जाए।

सर, आपको भी बहुत-बहुत मुबारकबाद। आपने अपने कार्यकाल में, जब आप चीफ मिनिस्टर थे, तब आपने महिलाओं के लिए बहुत काम किए थे। आपने पंचायत में महिलाओं की हिस्सेदारी के लिए काम किए है। आपसे उम्मीद है कि आप करेंगे।

SHRI P.G. NARAYANAN (Tamil Nadu): Sir, we will support the Bill.

**श्रीमती सरोज दुबे** (बिहार): सभापति जी, हमको भी अपनी बात रखने का मौका दिया जाए। ...(व्यवधान)...

**श्रीमती चन्द्रकला पांडे** (पश्चिमी बंगाल): सभापति जी, मैं कहना चाहती हूं ...(व्यवधान)...

**श्री सभापति**: आप मेरी बात रहने दीजिए, लालू जी को कहिए। ...(व्यवधान)...

आप सब ऐसोसिएट कर रही हैं, मैंने मान लिया। ...(व्यवधान)...

**श्रीमती सरोज दुबे**: पिछड़ी और अन्य पिछड़ी जातियों की महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। ...(व्यवधान)... निरक्षर महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। ...(व्यवधान)...

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुई]

**उपसभापति**: चेयरमैन साहब ने तो महिला को कुर्सी पर बिठा दिया है। ...(व्यवधान)...

**श्री लालू प्रसाद** (बिहार): उपसभापति महोदया, हमारा कहना है कि माइनॉरिटीज़ और बैकवर्ड दलित महिलाओं के लिए 15 प्रतिशत आरक्षण करिए। मुस्लिम, दलित, बैकवर्ड क्लास की महिलाओं को 15 प्रतिशत करने में हमको कोई ऐतराज नहीं है और यह भाग पार्टियों को दे दिया जाए। पार्टियां अपने आप तय करें। इस देश में जो वंचित हैं, जो बैक बेंचर महिलाएं हैं, गरीबों की जो बेटियां हैं, जो दलित हैं, माइनॉरिटी से हैं, बैकवर्ड क्लास से हैं, उनको रिजर्वेशन दें। हम लोग अभी मीटिंग में जा रहे हैं और इन-टोटो हमारे दल का 33 प्रतिशत के लिए कोई समर्थन नहीं। इसे 15 प्रतिशत आप करिए,अगर आपके मन में महिलाओं के प्रति दर्द है और आप उन महिलाओं को लाना चाहते हैं जो हमारी मां और बहनें है। सर पर कपड़ा रखकर, बैठकर इस देश की संस्कृति को आगे बढ़ाने वाली महिला के हम पक्षधर हैं। बैकवर्ड, पिछड़ी, दलित और माइनॉरिटी की जो महिलाएं हैं, उनका प्रतिनिधित्व इनऐडिक्वेट है, इसलिए अनको 15 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। आपकी इजाजत से मैं मीटिंग में जा रहा हूं यही बात कहकर मैं समाप्त करता हूं।

**श्री विजय सिंह यादव:** (बिहार) महोदया, मैं भी इनका समर्थन करता हूं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** लालू जी, मीटिंग में जाकर जरूर बोलिएगा। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरोज दुबे:** मैडम, महिलाओं की आवाज बुलंद हो रही है। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** (पश्चिमी बंगाल) मैडम, कल 8 मार्च है। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती गुरचरण कौर:** (पंजाब) महिलाओं का आरक्षण होना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती चन्द्रकला पांडे:** मैडम, महिलाओं के लिए ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरोज दुबे:** जो महिलाएं गांवों में रहती हैं, उनके लिए भी देखा जाए। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, आज 8 तारीख है और तीन दिन ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** लड़िए मत, बोलए। ...(**व्यवधान**)... जल्दी से बोल दीजिए, सपोर्ट कर दीजिए।

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, मैं यह कहना चाहती हूं कि आज जो बैठक हो रही है, उस बैठक में सर्वानुमति बने तो अच्छी बात है, लेकिन सरकार इस सर्वानुमति के नाम पर इस बिल के रास्ते में रोड़े न अटकाए और बिना किसी हील-हुज्जत के इसी सत्र में इस बिल को पास किया जाए और अगर हम चाहते हैं, अगर सरकार यह दिखाना चाहती है कि वह वास्तव में इस बिल के प्रति प्रतिबद्ध है, इस बिल के प्रति ईमानदार है, तो उसे इस बिल को इसी सदन में पास कराना चाहिए। मैं समझती हूं कि जिन-जिन लोगों ने दावे किए हैं, उन दावों को अगर हमें शिनाख्त करनी है तो इस बिल को वोटिंग के लिए रखा जाए, सब पता चल जाएगा कि कौन कहां खड़ा हुआ है और कौन

किस पक्ष में है। इसलिए उपसभापति महोदया, मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगी और आपसे भी निवेदन करना चाहूंगी कि आप के वोट की भी हमें जरूरत है।

**श्री स्वराज कौशल (हरियाणा):** मेरा पूरा समर्थन है आपको।

**उपसभापति:** अच्छा, अभी लड़ाई-झगड़े की बात मत करिए।

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, आप हमें यह बता दीजिए कि सरकार यह बिल वोट के लिए कब लाने वाली है? ...(**व्यवधान**)...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Almost the entire House is supporting the Bill.

**श्रीमती सरोज दुबे:** मैडम, तीन दिन बाकी रह गए हैं और हर बार सदन के आखिर में यह कहा जाना है ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, जिस रूप में इस पर सहमति बनी हुई है, उसी रूप में इसे लाया जाए और वोटिंग के लिए रखा जाए। ...(**व्यवधान**)... मैडम, सरकार की तरफ से कोई बोले तो सही। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरोज दुबे:** मैडम, हमारी बात भी सुनी जाए।

**उपसभापति:** अच्छा आप बैठ जाइए। आपकी बात भी सुन ली, आपके लीडर की बात भी सुन ली। ...(**व्यवधान**)... बैठिए-बैठिए। इसमें कोई दो राय नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, अफसोस इस बात का है कि ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** मैंने शुरू में भी कहा था। सवाल यह है कि ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** इसमें महिलाओं को कोई याद नहीं कर रहा है ...(**व्यवधान**)...

**डा॰ कुमकुम राय** (बिहार): इसके साथ मजाक किया जा रहा है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** अभी लालू जी खुद बोल कर गए हैं कि वे मीटिंग में जा रहे हैं। वे मीटिंग में गए हैं। मगर एक बात मैं जरूर कहूंगी कि महिलाएं तो यों ही पिछड़ी हुई हैं। ...(**व्यवधान**)... They should give reservation to women... (*Interruptions*)... then we will decide. ...(*Interruptions*)... I would like to inform the House that the Business Advisory Committee, in its meeting held today... (*Interruptions*).... Please, sit down ... (*Interruptions*)....

**प्रो॰ राम देव भंडारी** (बिहार): ऐसा नहीं है मैडम। ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति: बैठिए न।

श्रीमती गुरचरण कौर: महिला तो महिला ही है। उसके बारे में दलित वगैरह की बात न करें। ...(व्यवधान)...

प्रो॰ राम देव भंडारी: क्या पिछड़े दलितों को नहीं देंगे...(व्यवधान)...

उपसभापति: क्यों नहीं देंगे? आपकी बात मेरी समझ में नहीं आती। आपकी बात मेरी समझ में नहीं आ रही है। आप कह रहे हैं कि नहीं देंगे। जिन सीटों सें...(व्यवधान)... मैं खड़ी हूं तो आप बैठ जाइए आराम से। मैं यह कह रही हूं कि जब आप रिजर्वेशन देंगे तो जिस सीट से दलित पुरुष आता है वहां दलित महिला आएगी। जहां से मुस्लिम पुरुष आता है वहां से मुस्लिम महिला आएगी। जहां से बैकवार्ड पुरुष आता है वहां से बैकवार्ड महिला आएगी। इस पर झगड़े लगाने की क्या बात है। झगड़ा मत करिए, बैठ जाइए।

प्रो॰ राम देव भंडारी: दलितों का तो आरक्षण है, पिछड़ों का आरक्षण नहीं है। उसकी व्यवस्था कीजिए।

उपसभापति: नहीं-नहीं, आरक्षण में आरक्षण नहीं होता। ...(व्यवधान)... बैठिए, हो गया, कोई व्यवस्था नहीं है। ...(व्यवधान)... हम लोग आपस में बंटने वाले नहीं हैं। बैठ जाइए।

प्रो॰ अलका क्षत्रिय (गुजरात): इसमें सर्वानुमति होनी चाहिए। ...(व्यवधान)... इससे पता चल जाएगा कि कौन सी पार्टी इसके साथ हैं कौन नहीं है। ...(व्यवधान)...

## Recommendations of the Business Advisory Committee

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have to inform Members that the Business Advisory Committee, in its meeting held today, the 7th March, 2003, allotted time for Government Legislative and other Business as follows:—

| | Business | Time Allotted |
|---|---|---|
| 1. | General Discussion on General Budget for 2003-04 | |
| 2. | Consideration and return of the Appropriation Bills relating to the following Demands, after they have been passed by Lok Sabha | 12 Hours |
| | (a) Demands for Grants on Account (General), for 2003-2004 | (To be discussed together) |